# UP Board Solutions for Class 8 Hindi Chapter 36 लोकनायक जयप्रकाश नारायण (महान व्यक्तित्व)

**अभ्यास-प्रश्न**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए**

**प्रश्न 1.**
जयप्रकाश नारायण का जन्म कब और कहाँ हुआ?
**उत्तर :**
जयप्रकाश नारायण का जन्म 11 अक्टूबर, 1902 को बिहार के सिताबदिलारा गाँव, (अब उ०प्र०) में हुआ था।

**प्रश्न 2.**
जयप्रकाश नारायण के माता-पिता का नाम बताइए।
**उत्तर :**
जयप्रकाश नारायण के माता का नाम श्री मति फूलरानी तथा पिता का नाम हरसूदयाल था।

**प्रश्न 3.**
गांधी जी ने समाजवाद का सबसे बड़ा विद्वान किसको माना?
**उत्तर :**
गांधी जी ने समाजवाद का सबसे बड़ा विद्वान जयप्रकाश नारायण को माना।

**प्रश्न 4.**
जयप्रकाश नारायण के राष्ट्रवाद पर क्या विचार थे? वर्णन कीजिए।
**उत्तर :**
वे सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र के आमूल परिवर्तन के पक्षधर थे। वे समाजवाद के समर्थक थे। उनकी दृष्टि में समाजवाद का उद्देश समाज को समन्वित विकास करना था। समाजवाद के संबंध में उनके विचार थे कि भारतीय संस्कृति के मूल्लों को सुरक्षित रखते हुए भी हम देश में समाजवाद ला सकते हैं क्योंकि भारतीय पंरपराएँ कभी भी शोषणवादी नहीं रहीं हैं।

जय प्रकाश नारायण के समग्र जीवन दर्शन से स्पस्ट है कि वे 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' के वास्तविक पोषक थे।

https://www.evidyarthi.in/